2019 तक झारखंड से पूरी तरह खत्म हो जाएगी बेरोजगारी : केदार हाजरा

2019तक भाजपा सरकार ने झारखंड से बेरोजगारी समाप्त करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत हर दृष्टिकोण से सिर्फ योजनाएं तैयार की जा रही है। बल्कि बड़े पैमाने पर नियुक्तियां भी शुरू हो चुकी है। प्राइमरी अपर प्राइमरी में पहले चरण की नियुक्ति हुई। फिर वेकेंसी आने वाली है। हाईस्कूल शिक्षकों की भी जल्द नियुक्तियां होगी।

इसके अलावा जिले के सभी प्रखंडों में सरकार ने डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। ये बातें जमुआ विघान सभा के विधायक सह विधान सभा के सचेतक केदार हाजरा ने गुरुवार को कही। उन्होंने कहा कि पीरटांड़ में डिग्री कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है। गिरिडीह में नर्सेज ट्रेनिंग कॉलेज की भी स्थापना होने जा रहा है। साथ ही जिले के गांव -गांव में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई लागू की गई है। इसके तहत जिले में बड़े पैमाने पर तालाब, कुआं, चेकडैम बांध का निर्माण होगा। किसानों को फसल में नुकसान हो इसके लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। फिलहाल जल संचय करने के लिए बड़े पैमाने पर कुआं डोभा निर्माण किए गए हैं। गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए सराकर दो-दो गाय दे रही है। बेरोजगारों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भाजपा सरकार के धुआंधार विकास से विपक्ष का हौसला पस्त हो चुका है।